# U.P. Power Transmission Corporation Limited
## उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)

Office Of The
Superintending Engineer (TP&PSS))
6th Floor, Shakti Bhawan Extn.
14-AshokMarg Lucknow-226001
Email I.D. setppssn@gmail.com
Phone : 0522-4108994

कार्यालयः
अधीक्षण अभियन्ता(टी.पी.एवं पीएसएस)
छठा तल, शक्ति भवन विस्तार,
14, अशोक मार्ग, लखनऊ–226001
दूरभाष : 0522-4108994

पत्रांक : 5200 –अधी0अभि0/टी0पी0एवं पी0एस0एस0/13वीं योजना/TWC    दिनांक : 05 अप्रैल, 2021

**विषय : उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 द्वारा गठित "पारेषण कार्य अनुमोदन समिति" की दिनांक 25.03.2021 को आहूत 13वीं योजनाकाल की 43वीं बैठक सम्बन्धी कार्यवृत्त।**

1– डा0 सेंथिल पांडियन सी0, प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं अध्यक्ष समिति।
2– श्री आर0 के0 सिंह, निदेशक (ऑपरेशन), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं सदस्य समिति।
3– श्री अनिल जैन, निदेशक (कार्य एवं परियोजना), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं सदस्य समिति।
4– श्री ए0एस0 कुशवाहा, निदेशक(एस0एल0डी0सी0), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं सदस्य समिति।
5– श्री बी0पी0 महापात्रा, निदेशक (वित्त), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं सदस्य समिति।
6– श्री अनिल जैन, निदेशक (नियोजन एवं वाणिज्य), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं सदस्य समिति।
7– मुख्य अभियन्ता (ऊर्जा प्रणाली), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, एवं स्थायी आमन्त्री, विभूति खण्ड–II, निकट मंत्री आवास, गोमती नगर, लखनऊ।
8– मुख्य अभियन्ता (पी0पी0एम0एम0), उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 एवं स्थायी आमन्त्री, 7वॉ तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
9– मुख्य अभियन्ता (नियोजन), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, तृतीय तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

**"पारेषण कार्य अनुमोदन समिति"** की 13वीं योजनाकाल की दिनांक 25.03.2021 को आहूत 43वीं बैठक सम्बन्धी कार्यवृत्त संलग्न है। यह कार्यवृत्त उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0 की बेवसाइट **www.upptcl.org** के **ongoing transmission works** लिंक पर भी उपलब्ध है।

**संलग्नकः यथोपरि।**

(ए0के0 शुक्ला)
अधीक्षण अभियन्ता (टी0पी0 एवं पी0एस0एस0)
एवं सदस्य संयोजक

प्रतिलिपि :–

1– मुख्य अभियन्ता (पारेषण दक्षिण–पूर्व), उ०प्र०पा०ट्रा०का०लि०, 57 जार्ज टाउन, इलाहाबाद।
2– मुख्य अभियन्ता (पारेषण उत्तर–पूर्व), उ०प्र०पा०ट्रा०का०लि०, 132 के०वी० उपकेन्द्र, मोहद्दीपुर, गोरखपुर।
3– मुख्य अभियन्ता (पारेषण मध्य), उ०प्र०पा०ट्रा०का०लि०, पारेषण भवन, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।
4– मुख्य अभियन्ता (पारेषण पश्चिम), उ०प्र०पा०ट्रा०का०लि०, पारेषण भवन 130–डी,विक्टोरिया पार्क, मेरठ।
5– मुख्य अभियन्ता (पारेषण दक्षिण–पश्चिम), उ०प्र०पा०ट्रा०का०लि०, निकट अमर उजाला प्रेस, ककरैथा रोड़, आगरा।
6– मुख्य अभियन्ता (पारेषण दक्षिण–मध्य), उ०प्र०पा०ट्रा०का०लि०, 132 के०वी० उपकेन्द्र, हसारी, झांसी।
7– मुख्य अभियन्ता (765 के०वी०), उ०प्र०पा०ट्रा०का०लि०, 15वॉ तल शक्ति भवन विस्तार लखनऊ।
8– मुख्य अभियन्ता (जानपद पारेषण– I), उ०प्र०पा०ट्रा०का०लि०, 8/110 इन्दिरानगर, लखनऊ।
9– मुख्य अभियन्ता (सी०एम०यू०टी०), उ०प्र०पा०ट्रा०का०लि०, 11वॉ तल शक्ति भवन विस्तार लखनऊ।
10– मुख्य अभियन्ता (जानपद पारेषण–II), उ०प्र०पा०ट्रा०का०लि०, 9वॉ तल शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
11– मुख्य अभियन्ता (डी० एण्ड पी०), उ०प्र०पा०ट्रा०का०लि०, 10वॉ तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
12– उप महाप्रबन्धक (पारेषण मुख्यालय) वित्त एवं भुगतान इकाई, उ०प्र०पा०ट्रा०का०लि०, प्रथम तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
13– श्री पंकज सक्सेना, अधिशासी अभियन्ता सम्बद्व निदेशक (आपरेशन), के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।

**संलग्नकः यथोपरि।**

**(ए०के० शुक्ला)**
**अधीक्षण अभियन्ता (टीपी एवं पीएसएस)**
**एवं सदस्य संयोजक**

# उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 की "पारेषण कार्य अनुमोदन समिति" की दिनाँक 25.03.2021 को सम्पन्न 13वीं योजनाकाल की 43वीं बैठक का कार्यवृत्त।

**उपस्थितिः–**

**सदस्यः–**

| | | |
|---|---|---|
| **1.** डा0 सेंथिल पांडियन सी0 | : | प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं अध्यक्ष। |
| **2.** श्री आर0के0 सिंह | : | निदेशक (ऑपरेशन), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं सदस्य। |
| **3.** श्री बी0पी0 महापात्रा | : | निदेशक (वित्त), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं सदस्य। |
| **4.** श्री अनिल जैन | : | निदेशक (कार्य एवं परियोजना), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं सदस्य। |
| **5.** श्री ए0एस0 कुशवाहा | : | निदेशक (एस0एल0डी0सी0), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं सदस्य। |
| **6.** श्री अनिल जैन | : | निदेशक (नियोजन एंव वाणिज्य), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं सदस्य। |
| **7.** श्री अंजनी कुमार शुक्ला | : | अधीक्षण अभियन्ता (टी0पी0 एवं पीएसएस) एवं संयोजक सदस्य। |

**अन्यः–**

| | | |
|---|---|---|
| **1.** श्री सत्येन्द्र कुमार | : | अधिशासी अभियन्ता (टीपी एवं पीएसएस), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0। |
| **2.** श्री दीपक कुमार जायसवाल | : | अधिशासी अभियन्ता (टीपी एवं पीएसएस), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0। |

निदेशक (ऑपरेशन) एवं वितरण क्षेत्रों से प्राप्त पारेषण कार्यों के प्रस्तावों पर सम्यक् विचारोपरान्त समिति ने निम्न निर्णय लिये :–

## (क) नये निर्माण कार्यः–

### 1. 132 के0वी0 शंकरगढ़ (प्रयागराज) पर ट्रान्सफर बस का निर्माण कार्यः–

132 के0वी0 शंकरगढ़ की विद्युत आपूर्ति मुख्यतः 400/132 के0वी0 मसौली वाया 132 के0वी0 जारी उपकेन्द्र एवं वैकल्पिक स्त्रोत 220 के0वी0 रीवा रोड उपकेन्द्र के माध्यम से की जाती है। इस उपकेन्द्र पर 132 के0वी0 विभव पर केवल एक मेन बस है। ट्रान्सफर बस न होने के कारण 132 के0वी0 पोषक में दोष उत्पन्न होने पर विद्युत आपूर्ति बाधित होती है जिस कारण 132 के0वी0 शंकरगढ़ उपकेन्द्र पर 132 के0वी0 ट्रान्सफर बस निर्माण आवश्यक है। अतः उक्त के दृष्टिगत समिति द्वारा निम्नानुसार निर्माण कार्य अनुमोदित किया गयाः–

- **132 के0वी0 शंकरगढ़ उपकेन्द्र पर ट्रान्सफर बस का निर्माण एवं अन्य सम्बन्धित कार्य**

**अनुमानित व्यय रू0 1.94 करोड़**

## (ख) रेलवे सम्बन्धी कार्य (जमा मद में):–

### 1– 132 के0वी0 बीसलपुर (पीलीभीत)–बीसलपुर TSS लाइन का 'बे' सहित निर्माण कार्यः–

क्षेत्र से प्राप्त प्रस्ताव अनुसार रेलवे विद्युतीकरण हेतु क्षेत्र में स्थापित होने वाले TSS रेलवे स्टेशन बीसलपुर को विद्युत आपूर्ति करने हेतु 132 के0वी0 उपकेन्द्र बीसलपुर(पीलीभीत) से बीसलपुर TSS लाइन एवं 'बे' निर्माण कार्य के दृष्टिगत समिति द्वारा निम्नानुसार अनुमोदित किया गया :–

- **बीसलपुर (132)– बीसलपुर (TSS) 132 के0वी0 एस0सी0 2 फेज TSS लाइन का डीसी टावर पर निर्माण कार्य – 08 किमी0**
- **132 के0वी0 बीसलपुर (पीलीभीत) उपकेन्द्र पर 132 के0वी0 'बे' –1 अद्द**

**अनुमानित व्यय रू0 7.48 करोड़**
**(जमा मद में)**

**2– 132 के0वी0 रानी की सराय (आजमगढ़) –सराय रानी TSS लाइन का 'बे' सहित निर्माण कार्य:–**

क्षेत्र से प्राप्त प्रस्ताव अनुसार रेलवे विद्युतीकरण हेतु क्षेत्र में स्थापित होने वाले TSS रेलवे स्टेशन सराय रानी को विद्युत आपूर्ति करने हेतु 132 के0वी0 उपकेन्द्र रानी की सराय (आजमगढ़) से सराय रानी TSS लाइन एवं 'बे' निर्माण कार्य के दृष्टिगत समिति द्वारा निम्नानुसार अनुमोदित किया गया :–

- **रानी की सराय (132)– सराय रानी (TSS) 132 के0वी0 एस0सी0 2 फेज TSS लाइन का डीसी टावर पर निर्माण कार्य – 04 किमी0**
- **132 के0वी0 रानी की सराय (आजमगढ़) उपकेन्द्र पर 132 के0वी0 'बे' –1 अद्द**

**अनुमानित व्यय रू0 4.73 करोड़**
**(जमा मद में)**

**3– 220 के0वी0 उपकेन्द्र शमसाबाद रोड(आगरा) पर प्रस्तावित आगरा मैट्रो रेल परियोजना हेतु 132 के0वी0 'बे' निर्माण सम्बन्धी कार्य (जमा मद में):–**

वर्तमान में 220 के0वी0 उपकेन्द्र शमसाबाद रोड (आगरा), 220 के0वी0 आगरा(400)–शमसाबाद एवं 220 के0वी0 आगरा(पी0जी0)–शमसाबाद लाइन द्वारा पोषित होता है। आगरा शहर में प्रस्तावित आगरा मैट्रों रेल परियोजना के विद्युत आपूर्ति हेतु क्षेत्र द्वारा अवगत कराया गया है कि ओवरहेड लाइन का निर्माण किया जाना सम्भव नहीं है अतः 220 के0वी0 शमसाबाद उपकेन्द्र पर 132 के0वी0 'बे' (जमा मद) एवं 132 के0वी0 विभव पर लगभग 10 किमी0 डबल सर्किट भूमिगत केबिल लाइन का निर्माण 15 प्रतिशत सुपरविजन चार्ज पर आगरा मैट्रो रेल परियोजना के द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है। अतः उक्त लाइन एवं 'बे' निर्माण कार्य के दृष्टिगत समिति द्वारा निम्नानुसार अनुमोदित किया गया :–

- **132 के0वी0 शमसाबाद(220)–आगरा मैट्रो रेल परियोजना डी0सी0 भूमिगत (630sq. mm Aluminium Conductor) लाइन निर्माण कार्य– 10 किमी0 (15 प्रतिशत सुपरविजन चार्ज पर)**
- **220 के0वी0 शमसाबाद पर 132 के0वी0 'बे' का निर्माण कार्य– 02 अद्द एवं मीटरिंग सम्बन्धी कार्य (जमा मद में)**

**अनुमानित व्यय रू0 12.23 करोड़**
**(जमा मद में)**

## (ग) अन्य कार्य (जमा मद में):–

### 1. UPNEDA द्वारा चयनित मै0 जैक्शन पावर प्रा0 लि0 के 50 मेगावाट सोलर परियोजना का 132 के0वी0 खेरागढ़(आगरा) उपकेन्द्र पर ऊर्जा निकासी सम्बन्धी कार्य (जमा मद में):–

जनपद आगरा के अन्तर्गत खेरागढ़ तहसील में UPNEDA के द्वारा चयनित 50 मेगावाट क्षमता का सोलर पावर प्लांट मै0 जैक्शन पावर प्रा0 लि0 द्वारा स्थापित किया जाना है, सोलर पावर प्लांट से विद्युत निकासी हेतु मै0 जैक्शन सोलर प्लांट–खेरागढ़(132) 132 के0वी0 एकल पथ लाइन का डी0सी0 टावर पर निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। अतः उक्त के दृष्टिगत समिति द्वारा निम्नानुसार निर्माण कार्य **जमा मद** में अनुमोदित किया गया:–

- **132 के0वी0 खेरागढ़(आगरा) – मै0 जैक्शन पावर प्रा0 लि0 132 के0वी0 एस0सी0 लाइन का डी0सी0 टावर पर निर्माण– 7.22 किमी0 (15 प्रतिशत सुपरविजन चार्ज पर)**
- **132 के0वी0 खेरागढ़ उपकेन्द्र पर 01 अद्द 'बे' निर्माण एवं मीटरिंग सम्बन्धी कार्य (जमा मद में)**

**अनुमानित व्यय रू0 1.86 करोड़**
**(जमा मद में)**

## (घ) पूर्व अनुमोदित कार्यों में संशोधन:–

### 1– 400/220/132 के0वी0 सुल्तानपुर उपकेन्द्र:–

400/220/132 के0वी0 सुल्तानपुर उपकेन्द्र क्षमता 2x315+1x240 से 3x315+1x240 एम0वी0ए0 परिवर्तक 'बे' सहित (Double main transfer Bus)।

पारेषण कार्य अनुमोदन समिति की 13वीं योजनाकाल की 29वीं बैठक दिनांक 01.10.2019 को 400 के0वी0 सुल्तानपुर उपकेन्द्र पर क्षमतावृद्धि 2x315+1x240 से 3x315+1x240 एम0वी0ए0 परिवर्तक 'बे' सहित (डबल मेन एण्ड ट्रांसफर बस) रू0 20.44 करोड़ अनुमानित लागत के साथ अनुमोदित की गयी थी। वर्तमान में क्षेत्र द्वारा अवगत कराया गया है कि 315 एम0वी0ए0 परिवर्तक स्थापित करने हेतु निम्न अतिरिक्त कार्य कराया जाना आवश्यक है:–

- **एक अतिरिक्त 315 एम0वी0ए0 परिवर्तक की स्थापना हेतु परिवर्तक 'बे' के निर्माण हेतु 400 के0वी0 एवं 220 के0वी0 के बस का विस्तार तथा 400 के0वी0 ट्रांसफर बस को विस्थापित कर स्थापित किया जायेगा।**
- **400 के0वी0 एवं 220 के0वी0 परिवर्तक 'बे' के निर्माण हेतु पास से गुजर रही 220 के0वी0 सुल्तानपुर–सांगीपुर डबल सर्किट लाइन एवं 33 के0वी0 लाइन को विस्थापित करना होगा।**

अतः उक्त अतिरिक्त कार्यों के दृष्टिगत पूर्व अनुमोदित कार्यों में संशोधन समिति द्वारा अनुमोदित किया गया।

**अनुमानित व्यय– रू0 25.93 करोड़**
**पूर्व अनुमानित व्यय– रू0 20.44 करोड़**
**संशोधन उपरान्त अतिरिक्त अनुमानित व्यय रू0 5.49 करोड**

## 2– 132/33 के0वी0 जोली रोड (मुज्जफरनगर) उपकेन्द्र पर क्षमतावृद्धिः–

132/33 के0वी0 जोली रोड उपकेन्द्र क्षमता 2x63 से 2x63+1x20 एम0वी0ए0 परिवर्तक 'बे' सहित। (20 एम0वी0ए0 परिवर्तक 132/33 के0वी0 जोली रोड उपकेन्द्र पर उपलब्ध है।)

पारेषण कार्य अनुमोदन समिति की 13वीं योजनाकाल की 41वीं बैठक दिनांक 11.01.2021 को 132/33 के0वी0 जोली रोड उपकेन्द्र क्षमता 2x63 से 2x63+1x20 एम0वी0ए0 परिवर्तक 'बे' सहित रू0 1.32 करोड़ अनुमानित लागत के साथ अनुमोदित की गयी थी। क्षेत्र द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त कार्य के साथ निम्नलिखित कार्य कराया जाना आवश्यक है:–

- **33 के0वी0 मेन बस बार का विस्तारीकरण**
- **132 के0वी0 बसकप्लर 'बे' का विस्थापन**
- **400 के0वी0 मुजफ्फरनगर उपकेन्द्र को स्टेशन सप्लाई प्रदान करने हेतु 33 के0वी0 'बे' का निर्माण कार्य।**
- **33 के0वी0 ओल्ड बस एवं न्यू बस को जोड़ने हेतु 33 के0वी0 'बे' एवं लाइन का निर्माण कार्य।**

अतः उक्त अतिरिक्त कार्यों के दृष्टिगत पूर्व अनुमोदित कार्यों में संशोधन समिति द्वारा अनुमोदित किया गया।

**अनुमानित व्यय– रू0 3.83 करोड़**
**पूर्व अनुमानित व्यय– रू0 1.32 करोड़**
**संशोधन उपरान्त अतिरिक्त अनुमानित व्यय रू0 2.51 करोड़**

## 3– 132/33 के0वी0 ताजपुर (बिजनौर) उपकेन्द्र पर क्षमतावृद्धिः–

132/33 के0वी0 ताजपुर (बिजनौर) उपकेन्द्र क्षमता 2x40 से 3x40 एम0वी0ए0 परिवर्तक 'बे' सहित।

पारेषण कार्य अनुमोदन समिति की 13वीं योजनाकाल की 42वीं बैठक दिनांक 15.02.2021 को 132/33 के0वी0 ताजपुर (बिजनौर) उपकेन्द्र क्षमता 2x40 से 3x40 एम0वी0ए0 परिवर्तक 'बे' सहित रू0 3.43 करोड़ अनुमानित लागत के साथ अनुमोदित की गयी थी। क्षेत्र द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त कार्य के साथ निम्नलिखित कार्य कराया जाना आवश्यक है:–

- **अतिरिक्त 40 एम0वी0ए0 परिवर्तक एवं परिवर्तक 'बे' के निर्माण हेतु 132 के0वी0 टी0एस0एस0 कांठ (रेलवे) फीडर 'बे' को शिफ्ट करने, 132 के0वी0 टी0एस0एस0 कांठ रेलवे लाइन का रिओरियन्टेशन करने, रिओरियन्टेशन हेतु 01 नग 132 के0वी0 टावर स्थापित करने, 33 के0वी0 मेन बस बार का विस्तार, 10 एम0वी0ए0आर0 कैपिसिटर बैंक का शिफ्ट करने एवं अन्य सम्बन्धित कार्यों को कराने की आवश्यकता होगी।**

अतः उक्त अतिरिक्त कार्यों के दृष्टिगत पूर्व अनुमोदित कार्यों में संशोधन समिति द्वारा अनुमोदित किया गया।

**अनुमानित व्यय– रू0 3.87 करोड़**
**पूर्व अनुमानित व्यय– रू0 3.43 करोड़**
**संशोधन उपरान्त अतिरिक्त अनुमानित व्यय रू0 0.44 करोड़**

## (च) उपकेन्द्र क्षमता वृद्धि :–

उपकेन्द्रों पर वर्तमान एवं निकट भविष्य में विद्युत भार वृद्धि तथा Contingency (N-1) में उपकेन्द्र पर क्षमता की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दृष्टि से निम्न क्षमतावृद्धि कार्य समिति द्वारा अनुमोदित किया गया:–

**(i) 132/33 के0वी0 जसराना (फिरोजाबाद) उपकेन्द्र :–**

132/33 के0वी0 जसराना (फिरोजाबाद) उपकेन्द्र क्षमता 2x40 से 3x40 एम0वी0ए0 परिवर्तक 'बे' सहित।

**अनुमानित व्यय रू0 3.47 करोड़**

**(ii) 132/33 के0वी0 सण्डीला (हरदोई) उपकेन्द्र :–**

132/33 के0वी0 सण्डीला (हरदोई) उपकेन्द्र क्षमता 2x40 से 2x40+1x20 एम0वी0ए0 परिवर्तक 'बे' सहित।

- 132 के0वी0 बस कप्लर 'बे' पर 132 के0वी0 20 एम0वी0 'बे' का विस्थापन कार्य।
- एक नई 132 के0वी0 बस कप्लर 'बे' के निर्माण का कार्य
  *(132 के0वी0 सण्डीला उपकेन्द्र पर 20 एम0वी0ए0 (BHEL Make-1985) से 40 एम0वी0ए0 की क्षमतावृद्धि उपरान्त पर 20 एम0वी0ए0 परिवर्तक सण्डीला उपकेन्द्र पर उपलब्ध है।)*

**अनुमानित व्यय रू0 1.05 करोड़**

**(iii) 132/33 के0वी0 बिसवॉ (सीतापुर) उपकेन्द्र :–**

132/33 के0वी0 बिसवॉ (सीतापुर) उपकेन्द्र क्षमता 2x20 से 2x20+1x40 एम0वी0ए0 परिवर्तक 'बे' सहित।

- 132 के0वी0 बस कप्लर 'बे' पर 132 के0वी0 बिसवॉ – बिसवॉ रेलवे TSS का विस्थापन कार्य।
- रिक्त TSS 'बे' के स्थान पर 40 एमवीए परिवर्तक – तृतीय का निर्माण कार्य।
- 01 अदद 132 के0वी0 बस कप्लर 'बे' के निर्माण का कार्य

**अनुमानित व्यय रू0 4.09 करोड़**

**(iv) 132/33 के0वी0 आशा (हरदोई) उपकेन्द्र :–**

132/33 के0वी0 आशा (हरदोई) उपकेन्द्र क्षमता 1x40+1x20 से 2x40+1x20 एम0वी0ए0 परिवर्तक 'बे' सहित।

**अनुमानित व्यय रू0 3.62 करोड़**

**(v) 132/33 के0वी0 अकराबाद (अलीगढ़) उपकेन्द्र :–**

132/33 के0वी0 अकराबाद (अलीगढ़) उपकेन्द्र क्षमता 1x20 से 2x20 एम0वी0ए0 परिवर्तक 'बे' सहित।

**अनुमानित व्यय रू0 1.51 करोड़**

वित्तीय वर्ष 2020–21 में अनुमोदित रू0 05 करोड़ से कम लागत के कार्य (कुल धनराशि रू0 164.15 करोड़) :–

| 01 अप्रैल, 2020 से दिनांक 15.02.2021 (13वीं योजनाकाल की 42वीं टी0डब्ल्यू0सी0) तक अनुमोदित रू0 05 करोड़ से कम के कार्य की धनराशि | वर्तमान टी0डब्ल्यू0सी0 में प्रस्तावित, रू0 05 करोड़ से कम लागत के कार्य की कुल धनराशि | वित्तीय वर्ष 2020–21 में अनुमोदित, रू0 05 करोड़ से कम के कार्य की कुल धनराशि |
|---|---|---|
| रू0 145.52 करोड़ | रू0 18.63 करोड़ | रू0 164.15 करोड़ |

समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि, निदेशक मण्डल द्वारा वित्तीय वर्ष 2020–21 में रू0 5 करोड़ से कम लागत के कार्यों की अनुमोदित सीमा रू0 130 करोड़ के दृष्टिगत, निदेशक (आपरेशन) सभी प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर पुनः निरीक्षण कर, अतिरिक्त प्रस्तावों को वित्तीय वर्ष 2020–21 के स्थान पर वर्ष 2021–22 में प्रारम्भ करायेंगे तथा विवरण से समिति को टी0डब्ल्यू0सी0 बैठक में अवगत करायेंगे।

**(छ) चर्चा हेतु अन्य प्रस्ताव :–**

**1– 220/132/33 के0वी0 2x160+2x63 एम0वी0ए0 नॉलेज पार्क–5 GIS उपकेन्द्र, ग्रेटर नोएडा एवं 220/132/33 के0वी0 2x160+2x63 एम0वी0ए0 जलपुरा GIS उपकेन्द्र, ग्रेटर नोएडा एवं सम्बन्धित लाइनों का निर्माण कार्य (जमा मद में):–**

- 220/132/33 के0वी0 2x160+2x63 एम0वी0ए0 नॉलेज पार्क–5 GIS उपकेन्द्र, ग्रेटर नोएडा निर्माण कार्य
- 220/132/33 के0वी0 2x160+2x63 एम0वी0ए0 जलपुरा GIS उपकेन्द्र, ग्रेटर नोएडा निर्माण कार्य
- 220 के0वी0 सेक्टर–148 आर0सी0ग्रीन/मैट्रो डिपो सर्किट का 220 के0वी0 उपकेन्द्र नॉलेज पार्क–5 पर लीलो लाइन का निर्माण– 14 किमी0 (मल्टी सर्किट मोनो पोल टावर एवं एच0टी0एल0एस0 कण्डक्टर पर)
- 220 के0वी0 ग्रेटर नोएडा–आर0सी0ग्रीन (सर्किट–III)/मैट्रो डिपो सर्किट का 220 के0वी0 उपकेन्द्र जलपुरा पर लीलो लाइन का निर्माण– 21 किमी0 (उपरोक्त मल्टी सर्किट टावर का प्रयोग करते हुए एवं एच0टी0एल0एस0 कण्डक्टर पर)

समिति द्वारा उपकेन्द्र से सम्बन्धित लाइन निर्माण में एच0टी0एल0एस0 कन्डक्टर के उपयोग के स्थान पर ट्विन मूज कन्डक्टर पर निर्माण हेतु क्षेत्रीय अधिकारियों को उपरोक्त प्रस्ताव पर पुनः विचार करने एवं निदेशक (कार्मिक प्रबन्धन एवं प्रशासन) को उपरोक्त दोनों उपकेन्द्रों से सम्बन्धित प्रस्ताव का स्थलीय निरीक्षण हेतु निदेशित किया।

**2– 132 के0वी0 खैर(220)–जट्टारी(132) एस0सी0 लाइन के विद्यमान डी0सी0 टावर पर द्वितीय सर्किट स्ट्रिंगिंग सम्बन्धित कार्यः–**

- 132 के0वी0 खैर(220)–जट्टारी एस0सी0 लाइन के विद्यमान डी0सी0 टावर पर द्वितीय सर्किट का स्ट्रिंगिंग कार्य– 23 किमी0 (132 के0वी0 जट्टारी उपकेन्द्र छोर पर 01 अद्द मल्टी सर्किट टावर का निर्माण कार्य)
- 132 के0वी0 जट्टारी उपकेन्द्र पर 132 के0वी0 'बे'– 01 अद्द
- 220 के0वी0 खैर उपकेन्द्र पर 132 के0वी0 'बे'– 01 अद्द

समिति द्वारा उपरोक्त लाइन स्ट्रिंगिंग कार्य में 132 के0वी0 जट्टारी उपकेन्द्र छोर पर 01 अद्द मल्टी सर्किट टावर का निर्माण पर क्षेत्रीय अधिकारियों को पुनः स्थलीय निरीक्षण कर आगामी टी0डब्ल्यू0सी0 बैठक में प्रस्तुत करने हेतु निदेशित किया।

**3– हरदुआगंज तापीय परियोजना पर 220 के0वी0 खैर डी0सी0 लाइन हेतु 220 के0वी0 'बे' का निर्माण कार्यः–**

| **समिति की 13वीं योजनाकाल की 26वीं बैठक दिनॉक 05.03.2019 में अनुमोदित प्रस्ताव का विवरण** | **संशोधित प्रस्ताव का विवरण** |
|---|---|
| हरदुआगंज टी0पी0एस0(220)– खैर(220) 220 के0वी0 डी0सी0 (**Moose**) लाइन | **यथावत** |
| 220 के0वी0 उपकेन्द्र खैर पर 220 के0वी0 'बे' | |
| उपरोक्त 2 अद्द 'बे' निर्माण हेतु खैर उपकेन्द्र स्विचयार्ड में 'बे' विस्थापन व अन्य कार्य | |
| – | **हरदुआगंज टी0पी0एस0 (220) पर 02 अद्द 220 के0वी0 'बे' एवं सम्बंधित निर्माण कार्य** |

पारेषण क्षेत्र द्वारा प्रेषित हरदुआगंज तापीय परियोजना पर 220 के0वी0 'बे' निर्माण पर समिति द्वारा निदेशित किया गया कि हरदुआगंज तापीय परियोजना पर 'बे' निर्माण का कार्य उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 द्वारा कराया जायेगा। इसके लिये उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 को उचित निर्देश दिये जाए।

**4– 132/33 के0वी0 रूद्रपुर (देवरिया) उपकेन्द्र क्षमता 1x40+1x20 से 2x40 एम0वी0ए0।**

समिति ने उपरोक्त उपकेन्द्र परिवर्तक क्षमतावृद्धि प्रस्ताव पर पुर्न विचार करने एवं मुख्यालय स्तर से स्थलीय निरीक्षण हेतु टीम भेजने के लिए निदेशित किया।

**5– 132/33 के0वी0 लालपुर (रामपुर) उपकेन्द्र क्षमता 2x40 से 2x40+1x20 एम0वी0ए0 परिवर्तक 'बे' सहित।**

समिति ने उपरोक्त उपकेन्द्र परिवर्तक क्षमतावृद्धि प्रस्ताव पर पुर्न विचार करने एवं मुख्यालय स्तर से स्थलीय निरीक्षण हेतु टीम भेजने के लिए निदेशित किया।

**6– 132/33 के0वी0 गोला (लखीमपुर) उपकेन्द्र क्षमता 1x63+1x40 से 1x63+1x40+1x20 एम0वी0ए0 परिवर्तक 'बे' सहित।**

समिति ने 132/33 के0वी0 गोला उपकेन्द्र पर स्थापित 63 एम0वी0ए0 एवं 40 एम0वी0ए0 परिवर्तक पर भारिता कम होने के दृष्टिगत क्षमतावृद्धि प्रस्ताव को **निरस्त** किया।

(अंजनी कुमार शुक्ला)
अधीक्षण अभियन्ता (टी0पी0 एवं पीएसएस)
एवं संयोजक सदस्य

(अनिल जैन)
निदेशक
(नियोजन एवं वाणिज्य)/(कार्य एवं परियोजना)
एवं सदस्य

Through V.C. (on leave)
(बी0पी0 महापात्रा)
निदेशक (वित्त) एवं सदस्य

(ए0एस0 कुशवाहा)
निदेशक (एस0एल0डी0सी0), एवं सदस्य।

(आर0के0 सिंह)
निदेशक (आपरेशन) एवं सदस्य

(डा0 सेंथिल पांडियन सी0)
प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं अध्यक्ष